# शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनुपपुर (म.प्र)



त्रैमासिक न्यूज़लेटर
डिजिटल प्रकाशन



# तिपान बुलेटन

प्रवेशांक: जनवरी-मार्च 2022

प्रो. प्रीति वैश्य
संपादक

डॉ विक्रम सिंह बघेल
संरक्षक/ प्राचार्य

# तिपान बुलेटिन

**(त्रैमासिक डिजिटल समाचार पत्रिका)**

## प्रवेशांक

**(जनवरी- मार्च 2022 )**

**संपादक-मंडल**

श्री विनोद कुमार कोल
श्रीमती संगीता बासरानी
श्रीमती प्रीति वैश्य
सुश्री पूनम धांडे

**सहायक मंडल**

डॉ. अमित भूषण
श्री ज्ञान प्रकाश पाण्डेय
श्री शाहबाज़ खान

**सर्वधिकार सुरक्षित**

**प्रकाशक – शासकीय तुलसी महविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)**

## प्राचार्य का संदेश



महाविद्यालय की त्रैमासिक डिजिटल समाचार पत्रिका 'तिपान बुलेटिन' के प्रवेशांक के लिए सबसे पहले आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ बधाई एवं शुभकामनाएं। तिपान बुलेटिन के प्रकाशन से महाविद्यालय द्वारा वर्ष भर में आयोजित किये जाने वाले समस्त गतिविधियों की सूचना छात्र-छात्राओं एवं नागरिक समाज के लिए निःशुल्क उपलब्ध होगा। कागज रहित प्रकाशन के कारण तिपान बुलेटिन का प्रकाशन पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। एकबार फिर से तिपान बुलेटिन के सम्पादक मण्डल को शुभकामनाएं।

**डॉ. विक्रमसिंह बघेल**

**प्राचार्य**

## ***आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ का संदेश***

शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर (म.प्र.) अपने ई- न्यूज़लेटर *तिपान बुलेटन* के प्रकाशन का शुभारंभ वर्ष 2022 से कर रहा है। यह एक त्रैमासिक न्यूज़लेटर है, जिसका प्रथम अंक जनवरी- मार्च 2022 है। इस न्यूज़लेटर में महाविद्यालय द्वारा किये जा रहे प्रमुख कार्यों को प्रकाशित किया जाएगा। इसमें सभी विभागों द्वारा आयोजित अकादमिक और बौद्धिक गतिविधियों, सांस्कृतिक गतिविधियों, एन.एस.एस, एन.सी.सी, खेल गतिविधियों के अतिरिक्त महाविद्यालय के स्टॉफ एवं छात्र/ छात्राओं की मौलिक कृतियों (कविता, कहानी, व्यंग्य आदि) को प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा। इसके प्रवेशांक के प्रकाशन के अवसर पर महाविद्यालय का आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ इस न्यूज़लेटर के संपादक मंडल को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता है।

**ज्ञान प्रकाश पाण्डेय**

**सदस्य आईक्यूएसी**

## एनडीआरएफ की टीम ने तुलसी महाविद्यालय में आपदा से बचाव के गुर सिखाए

**-01 जनवरी 2022**

आजादी के 75 वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव के तारतम्य में शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में 11 एनडीआरएफ वाराणसी (उत्तर प्रदेश) की टीम ने कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जागरूकता शिविर के माध्यम से आपदा और सड़क सुरक्षा में बचाव के गुर सिखाए। यह शिविर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार शासकीय तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विक्रम सिंह बघेल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कमाण्डेंट जिला होमगार्ड श्री जे.पी. उईके, एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टीनेंट प्रो० अजयराज सिंह राठौर, जिला परिवहन अनूपपुर के श्री एम. पी. सिंह, श्री बी.के. सिंह, आईटीआई अनूपपुर के प्राचार्य श्री रामलाल माली, श्री एम.एस. परते, श्री संदीप सिंह, श्री अशोक कुमार, श्री पवन त्रिपाठी सहित तुलसी महाविद्यालय के डॉ. आकांक्षा राठौर, डॉ. अमित भूषण, प्रो ज्ञान प्रकाश, प्रो पूनम, डॉ. गीतेश्वरी, प्रो. प्रीति, प्रो.शाहबाज खान,प्रो. विनोद कोल व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण ,छात्र-छात्राओ के साथ ही शासकीय आईटीआई अनूपपुर के स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वाराणसी से आए 11 एनडीआरएफ के 12 सदस्यीय दल ने इंस्पेक्टर बृजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में आपदाओं के अवसर पर बचाव और सुरक्षा के संबंध में जागरूकता अभियान के तहत कॉलेज सभागार में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को जानकारी उपलब्ध कराई। दल द्वारा सीपीआर, आपदा में उपलब्ध साधनों से स्ट्रेचर को बनाना दुर्घटना में घायल व्यक्ति को सुरक्षित निकालकर चिकित्सा उपलब्ध करवाना, बाढ़ और आग लगने के समय सुरक्षा और बचाव के तरीके आदि विद्यार्थियों को सिखाए गए। साथ ही स्कूल और रोड सेफ्टी पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, ताकि विद्यार्थी आपदा के दौरान स्वयं को सुरक्षित करते हुए लोगों को बचा सके क्योंकि आपदा और घटना के दौरान हर किसी हेलमेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी आरएस चिकवा के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप हेलमेट का वितरण किया गया।






## ***प्राणीशास्त्र विभाग के द्वारा प्रोजेक्ट निर्माण के प्रशिक्षण एवं चार्ट/ मॉडल का प्रदर्शन***

**-4 जनवरी 2022**

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर मे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में प्राणीशास्त्र विभाग के द्वारा प्रोजेक्ट निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। विभाग की प्रमुख प्रो.श्रीमती संगीता बासरानी ने बताया कि महाविद्यालय के बीएससी अंतिम वर्ष के छात्र/छत्राओं को प्रोजेक्ट निर्माण के प्रशिक्षण के दौरान प्रॉजेक्ट से संबंधित चार्ट और मॉडल का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमे प्रमुख रूप से बांधवगढ राष्ट्रीय पार्क , डी. एन .ए. रिफिलिकाशन मॉडल , एक्विरियंम , डी. एन. ए. वॉटसन एवं क्विक चलित मॉडल , रक्तदान संदेश , रेशम कीट पालन और मधुमक्खी पालन आदि थे।





## *प्राचार्य विक्रम सिंह की पहल पर जिले के महाविद्यालयों में व्हील चेयर की सुविधा उपलब्ध*

**-10 जनवरी 2022**

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल की सतत् पहल पर निशक्त जन कल्याण विभाग अनूपपुर के सौजन्य से दिव्यांग विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय में दिव्यांग आगंतुकों के लिए शासकीय तुलसी अग्रणी महाविद्यालय अनूपपुर में 02 व्हील चेयर और शासकीय कन्या महाविद्यालय अनुपपुर शासकीय महाविद्यालय बिजुरी, शासकीय महाविद्यालय राजनगर एवं शासकीय महाविद्यालय वेंकटनगर में 01-01 व्हील चेयर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे महाविद्यालयों में अध्ययनरत सभी दिव्यांग विद्यार्थी अत्यधिक हर्षित हुये।

## *राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर योगाभ्यास का आयोजन*

**-12 जनवरी 2022**

राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह बघेल के मार्गदर्शन में किया गया । कोविड बढ़ते संक्रमण दर (ओमिक्रोन) के कारण कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन किया गया ।







## *रोजगार मेले में सम्मिलित हुये तुलसी महाविद्यालय के छात्र/ छात्राएं*

**–12 जनवरी 2022**

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा, भोपाल, (म.प्र.) के निर्देशानुसार शासकीय तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ॰विक्रम सिंह बघेल के मार्गदर्शन मे कोविड -19 के निर्देशों का पालन करते हुये रोजगार दिवस के अवसर पर, 12 जनवरी 2022 को जिला प्रशासन के द्वारा शासकीय आई॰ टी॰ आई॰ महाविद्यालय अनुपपूर में आयोजित रोजगार मेले में शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनुपपूर से 24 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। साथ ही महाविद्यालय की ओर से प्रो॰विनोद कुमार कोल, डॉ॰ देवेंद्र सिंह बागरी और श्री इंद्र नारायन काछी (क्रीडा अधिकारी) ने इस मेले में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।





## ***12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान की शपथ एवं विविध गतिविधियों का आयोजन***

**-25 जनवरी 2022**

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनुपपुर के प्राचार्य डॉ० विक्रम सिंह बघेल के संरक्षण में 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2022 के उपलक्ष्य में कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए महाविद्यालय प्रांगण में छात्र / छात्राओं के साथ-साथ समस्त शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टॉफ को निष्पक्ष एवं भयरहित तथा बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने की शपथ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ० जे०के० संत के द्वारा दिलायी गई। इसके पश्चात छात्रों ने पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागिता किया ।

महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों में मतदान के प्रति जागरूकता हेतु गूगल मीट के माध्यम से मतदान की अनिवार्यता विषय पर दोपहर 12:00 बजे से 01:00 बजे तक एक वेबिनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ० जे०के० संत (राजनीतिशास्त्र) और विशिष्ट वक्ता प्रो० कमलेश चावले सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र) रहें। इसमें 90 से अधिक संख्या में छात्र/छात्राओं ने आनलाइन माध्यम से सहभागिता की। इस कार्यक्रम का संचालन प्रो० ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने किया और आभार प्रो० शाहबाज खान ने व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का संयोजक प्रो. विनोद कुमार कोल रहें।



## ***राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र/ छात्राएं सम्मानित***

**-25 जनवरी 2022**

12वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2022 के उपलक्ष्य में कार्यालय कलेक्टर जिला अनूपपुर (म.प्र.) के आदेशानुसार शासकीय तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय स्तर पर " मतदान की अनिवार्यता" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । उसमे पश्चात जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों से उपलब्ध कराए गए प्रथम स्थान प्राप्त प्रविष्टियो के आधार पर जिला स्तर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा जिला स्तर पर प्रथम तीन स्थान छात्र/छात्राओं को इस प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया।

**1. प्रथम - संतोष कुमार घसिया, (एम.ए.-1 सेमें. राजनीतिशास्त्र ) शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर**

**2. द्वितीय- कु. श्रेया गोलियां , (बी. एस. सी. द्वितीय वर्ष) शासकीय महाविद्यालय, कोतमा**

**3. तृतीय- प्रभाकर माँझी , (बीए तृतीय वर्ष) शासकीय महाविद्यालय , वेंकटनगर**

इस निबंध प्रतियोगिता में वीक्षक का कार्य प्रो. डॉ. अमित भूषण द्विवेदी, और प्रो. पूनम धांडे ने किया। और जिला स्तरीय निर्णायक मंडल के संयोजक प्रो. ज्ञान प्रकाश पांडेय, रहे और सदस्य प्रो. डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय और प्रो. प्रीति वैश्य रही। औऱ इस निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. विनोद कुमार कोल थे। जिन्होंने इस प्रतियोगिता को सम्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा ने 25 जनवरी 2022 को 12 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के प्रथम तीन स्थान प्राप्त विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं नगद राशि प्रदान किया गया। साथ ही इस प्रतियोगिता को

सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शासकीय महाविद्यालय के प्राध्यापकों/ सहायक प्राध्यापकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## ***[केंद्रीय बजट 2022-23 पर आयोजित किया गया पैनल परिचर्चा]***

**_01 फरवरी 2022**

अर्थशास्त्र विभाग,शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के द्वारा केंद्रीय बजट 2022-23(यथार्थ एवं अपेक्षायें) विषय पर दिनाँक 01.02.2022 को एक दिवसीय पैनल परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पैनलिस्ट के रूप में गाँधी शताब्दी स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोयलसा,आजमगढ़(उत्तर प्रदेश) के अर्थशास्त्र विषय के सहायक प्राध्यापक डॉ. मनमोहन लाल विश्वकर्मा, देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय,बुलंदशहर(उत्तर प्रदेश) के अर्थशास्त्र विषय के सहायक प्रोफेसर डॉ. भवनीत सिंह बत्रा तथा प्रो. पीयूष त्रिपाठी देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय,बुलंदशहर(उत्तर प्रदेश) के राजनीति शास्त्र विषय के सहायक प्रोफेसर ने चर्चा प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम का संचालन प्रो.पीयूष त्रिपाठी ने किया।

बजट विश्लेषण पर पैनल परिचर्चा का आयोजन अर्थशास्त्र विभाग की ओर डॉ. अमित भूषण एवं विभाग की सहायक प्राध्यापक प्रो.प्रीति वैश्य के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग करके लाभान्वित हुए।

(विस्तृत जानकारी के लिए देखे समाचार लिंक)

https://meet.google.com/qnz-wjgu-dyn







**बजट से चार उम्मीदें थीं-**

महंगाई कम करना, बढ़ती हुई बेराजगारी पर नियंत्रण लगाना अर्थात् नए रोजगार के अवसर प्रदान करना, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा पर व्यय बढ़ाना। इन चारों क्षेत्रों पर सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं।

बजट के प्रारंभ में ही वित्तमंत्री जी ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं को सुदृढ़ बनाना, टीकाकरण में तेजी लाना सरकार की प्राथमिकता है। इस संबंध में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की, नेशनल टेलीमेंटल हेल्थ प्रोग्राम जैसे कार्यक्रम की बात की गई। शिक्षा के क्षेत्र में गुणावत्ताप्रद शिक्षा का सर्वभौमीकरण करने की बात की गई।

अनुपूरक शिक्षा, PM ई-विद्या, वन क्लास वन टी वी चैनल कार्यक्रम के साथ एक डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना करने की बात की गई। उत्पादन संवर्धन एवम निवेश की बात की गई है।

इसके साथ लोगों को कर स्लैब में बदलाव की भी उम्मीद थी लेकिन सरकार ने इसमें भी राहत नहीं दी। असम्मिश्रित ईंधन के उत्पाद शुल्क में वृद्धि से पेट्रोल का दाम बढ़ेगा जिससे महंगाई और बढ़ेगी। कार्पोरेट कर 18 से 15 प्रतिशत कर दिया गया है जिससे उत्पादकों को बहुत राहत मिलेगी।

कृषि उपकरणों के दाम में कमी की बात की गई है लेकिन एमएसपी पर ध्यान नहीं दिया गया है जिससे कृषि की विकास दर 3.9% प्राप्त करना आसान नहीं होगा।

बजट में डिजिटल शिक्षा, डिजिटल बैंक, डिजिटल मुद्रा आदि डिजिटल अवधारणा की बात की गई है।

सब मिला-जुला कर यह कठोर बजट है इसे चुनावी बजट भी नहीं कहा जा सकता है।

.

**डॉ.मनमोहन लाल विश्वकर्मा,**
**असि. प्रोफ़ेसर अर्थशास्त्र,**
**जी.एस.एस.पी.जी.कॉलेज कोयलसा आजमगढ़।**

## ***प्रधानमंत्री कौशल केंद्र अनूपपुर के द्वारा छात्र/छात्राओं को दी गईं कंप्यूटर प्रशिक्षण संबंधित जानकारी***

**_18 फरवरी 2022**

स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर और प्रधानमंत्री कौशल केंद्र अनूपपुर के बीच हुए समझौता यापन ( MOU) के तहत प्रधानमंत्री कौशल केंद्र अनूपपुर के द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु डाटा ऑपरेटर, इलेक्ट्रीशियन और कंप्यूटर हार्डवेयर आदि के सम्बन्ध में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को जानकारी प्रधानमंत्री कौशल केंद्र के श्री रमन शुक्ला, श्री सुनील पाल, और श्री शंकर पांडेय के द्वारा प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे. के. संत ,प्रो. विनोद कुमार कोल और बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।




## *वाणिज्य विभाग की परियोजना कार्य पर  तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न*

**-22-24 फरवरी 2022**

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल के संरक्षण में महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र सिंह बागरी के नेतृत्व और वाणिज्य विभाग के प्रो. डॉ. आकांक्षा राठौर एवं प्रो. शाहबाज़ खान के सहयोग से महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय में प्रथम वर्ष में प्रवेशित समस्त छात्र/छात्राओं को नई शिक्षा नीति -2020 के अंतर्गत परियोजना कार्य के संबंध में महवपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।





## *समाजशास्त्र विभाग में परियोजना निर्माण एवं रिपोर्ट लेखन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न*

**_*1 - 4* मार्च 2022**

शासकीय तुलसी महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रथम वर्ष के प्रवेशित छात्रों को परियोजना निर्माण एवं प्रतिवेदन लेखन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज्ञातव्य है कि परियोजना निर्माण नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रथम वर्ष में एक अनिवार्य पाठ्यक्रम है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में समाजशास्त्र विषय के सहायक प्राध्यापक ज्ञान प्रकाश पाण्डेय , प्रो. विनोद कुमार कोल सहायक प्राध्यापक, डॉ. तरन्नुम सरवत एवं वाणिज्य के सहायक प्राध्यापक प्रो. शाहबाज़ खान, एवं डॉ. आकांक्षा राठौर तथा इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापकप्रो. पूनम धांडे ने छात्रों को परियोजना कार्य से सम्बंधित सभी पक्षों पर विस्तारपूर्वक समझाने का प्रयास किया।






## *परियोजना निर्माण एवं प्रतिवेदन लेखन" विषय पर तीन दिवसीय छात्र-उन्मुखीकरण कार्यशाला (Student Induction Program) का आयोजन*

_ **28 फरवरी** - **03 मार्च 2022**

नई शिक्षा नीति **2020** क्रियान्वयन समिति,शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर(मध्यप्रदेश) "फील्ड परियोजना निर्माण एवं लेखन" विषय पर तीन दिवसीय छात्र-उन्मुखीकरण कार्यशाला **(Student Induction Program)** का आयोजन हाइब्रिड मोड में दिनांक **28** फरवरी **2022** से **03** मार्च **2022** तक के मध्य किया गया । प्रथम दिवस **28** फरवरी **2022** को कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्री जे.के. संत द्वारा महाविद्यालय के सभागार में किया गया। प्रथम दिवस के कार्यक्रम को **5** तकनीकी सत्रों में बांटा गया जिनमें परियोजना निर्माण के विभिन्न चरणों शीर्षक के चुनाव, साहित्य समीक्षा, सर्वे एवं डाटा एनालिसिस से लेकर परियोजना लेखन तक हर विषय पर महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के सहायक प्राध्यापकों डॉ. अमित भूषण द्विवेदी (अर्थशास्त्र) ,डॉ. आकांक्षा राठौर (वाणिज्य), डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी (वाणिज्य), डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय (गणित)व श्री ज्ञान प्रकाश पाण्डेय (समाजशास्त्र)ने अपने व्याख्यान दिये। कार्यशाला के द्वितीय दिवस **2** मार्च **2022** का आयोजन पूर्णतः ऑनलाइन रखा गया । **Zoom Meeting** के माध्यम से आयोजित इस ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के जाने माने शैक्षणिक संस्थानों के विद्वानों डॉ.संतोष कुमार सह-प्राध्यापक अर्थशास्त्र (वाणिज्य संकाय), श्री रामकॉलेज ऑफ कॉमर्स ,दिल्ली विश्वविद्यालय(नॉर्थ कैंपस ), डॉ.कुणाल केशरी सहायक प्राध्यापक , गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान,झूसी प्रयागराज (उ.प्र.) एवं प्रोफेसर रेखा आचार्य , प्रोफेसर अर्थशास्त्र व डीन एवंव अध्यक्ष स्कूल ऑफ सोशल साइंस , देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) के मार्गदर्शन का लाभ छात्र छात्राओं को प्राप्त हुआ। तृतीय दिवस **3** मार्च **2022** को विभिन्न विषयों की परियोजना के उदाहरणों को समझाते हुए इस कार्यशाला का समापन हुआ।

"फील्ड परियोजना निर्माण एवं लेखन" विषय पर इस तीन दिवसीय छात्र उन्मुखीकरण कार्यशाला में ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों से **150** से अधिक छात्र छात्राएं लाभान्वित हुए। इस कार्यशाला के संयोजक डॉ. अमित भूषण द्विवेदी एवं सहसंयोजक श्री ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, श्री शाहबाज खान रहें तथा कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रीति वैश्य ने किया।







## ***शासकीय तुलसी महा. के गणित विभाग का परियोजना कार्य पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न***

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल के संरक्षण में महाविद्यालय के गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय के नेतृत्व और समाजशास्त्र विभाग के प्रो. ज्ञान प्रकाश पाण्डेय के सहयोग से महाविद्यालय के गणित संकाय में प्रथम वर्ष में प्रवेशित समस्त छात्र/छात्राओं को नई शिक्षा नीति -2020 के अंतर्गत परियोजना कार्य के संबंध में महवपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# ***<u>छात्र/छात्राओं के दल ने प्राध्यापकों के साथ 'हिन्दुस्तान पॉवर प्लांट, जैतहरी' का किया औद्योगिक भ्रमण</u>***

**-11 मार्च 2022**

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत 11 मार्च 2022 को औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल के संरक्षण और निर्देशन में किया किया गया।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रध्यापक डॉ. जे. के. संत द्वारा हरी झंडी दिखाकर छात्र/छात्राओं के दल को प्राध्यापकों के साथ हिन्दुस्तान पॉवर प्लांट जैतहरी औद्योगिक भ्रमण हेतु महाविद्यालय से बस द्वारा रवाना किया। प्लांट में एच.आर विभाग के श्री गौरव पाठक के द्वारा भ्रमण दल को पॉवर प्लांट में बिजली उत्पादन से लेकर वितरण तक की समस्त गतिविधियों को विस्तार पूर्वक समझाया गया। श्री धीरेंद्र सिंह के द्वारा फायर सिस्टम सेक्यूरिटी के बारे मे छात्र/छात्राओं को बताया गया और इसका एक डेमो भी दिया गया।

भ्रमण के अंत में प्लांट के एच. आर. प्रमुख श्री खटाना महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं से मिले और उनका परिचय प्राप्त कर और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

https://www.raajdhaninews.com/266076/






MB Power (Madhya Pradesh) Limited
2 x 600 MW Power Plant - Jaithari, Dist - Anuppur(MP)
PIN - 484224
HINDUSTAN
विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन
उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र शासन
औद्योगिक भ्रमण
दिनांक- 11 मार्च 2022
तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर



## *परिवहन विभाग का वाहन व्यावसायिक वाहन चलाने का प्रशिक्षण एवं यातायात संकेतो का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन। -*

**-16 मार्च 2022**

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में **16** मार्च **2022** को परिवहन आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल के संरक्षण में जनजातीय संवर्ग के छात्र/छात्राओ को व्यावसायिक वाहन चलाने का प्रशिक्षण एवं यातायात संकेतो का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे वाहन चलाने एवं यातायात संकेतो के संबंध में प्रशिक्षण आर. टी. ओ. विभाग के अधिकारी श्री आर. एस. चिकवा के द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में श्री एम. पी. सिंह के साथ परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी,और कर्मचारियों के साथ बडी संख्या में महाविद्यालय के प्रध्यापक और छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे । महाविद्यालय के प्रो. विनोद कुमार कोल की इस कार्यक्रम के आयोजन में सराहनीय भूमिका रही और कार्यक्रम के अंत मे डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय ने परिवहन विभाग के प्रति अभार प्रकट किया।



## ***ट्राइबल यूनिवर्सिटी के केंद्रीय पुस्तकालय -भ्रमण के साथ छात्र- छात्राओं ने किया बॉटनिकल टूर***

**-22 मार्च 2022**

महाविद्यालय के स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान के छात्र-छात्राओं सहित अध्यापकों के दल ने किया बॉटनिकल टूर। टूर का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न किस्म के वनस्पतियों,औषधीय पादपों, मसालों आदि के बारे में जानकारी प्रदान करना तथा उन्नत किस्म के बीजों(**HYVS**) की उत्पादन प्रक्रिया,वर्मी कम्पोस्ट निर्माण कौशल के साथ , ट्राइबल यूनिवर्सिटी की केंद्रीय पुस्तकालय का भ्रमण कराके विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय की अकादमिक गुणवत्ता में उन्नयन करना था।

भ्रमण दल ने सर्प्रथम इंदिरा गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय(**IGNTU**),अमरकंटक 'स्थित कृषि विज्ञान केंद्र एवं हर्बल उद्यान' का भ्रमण किया, जहां पर कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा की जा रही उन्नत किस्म की विभिन्न फसलों की खेती के गुर विद्यार्थियों को सिखाये गए। साथ ही केंचुआ खाद(वर्मी कम्पोस्ट) निर्माण की प्रक्रिया को भी समझाया गया। गेहूं, चना ,मटर, मसूर एवं अन्य सभी फसलों के चयनित बीजों के द्वारा बीज उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी भी प्रदान की गई।

इसके बाद विद्यार्थियों को इंदिरा गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के सेंट्रल लाइब्रेरी का भ्रमण कराया गया । केंद्रीय विश्वविद्यालय की विशाल एवं विस्तृत पुस्तकालय को देखकर विद्यार्थी उत्साहित हो गए। विश्वविद्यालय परिसर के भ्रमण के तत्पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को 'शासकीय हर्बल उद्यान अमरकंटक' का भ्रमण कराया गया, जहां पर विश्वविद्यालय के द्वारा विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों एवं मसालों के पौधों को दिखाया गया तथा उनके उपयोग के तरीकों को समझाया गया। शासकीय हर्बल उद्यान का मुख्य आकर्षण रुद्राक्ष ,चंदन एवं विशाल बांस के पौधे थे। शासकीय हर्बल उद्यान स्थित औषधि उत्पादन संयंत्र भी दिखाया गया।

भ्रमण दल का नेतृत्व डॉ. पी.एस. मलैया, डॉ. गीतेश्वरी पांडेय, प्रो. संगीता बासरानी,डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी, डॉ. संजीव द्विवेदी,सुश्री प्रज्ञा तिवारी तथा डॉ. तरन्नुम सरवत ने किया। विद्यार्थियों ने ऐसे टूर को अत्यंत ज्ञान एवं कुशलता वर्धक बताया है।

https://www.facebook.com/103327434535024/posts/532500594951037/?sfnsn=wiwspmo




एप्को भोपाल द्वारा पोषित
हर्बल गार्डन


केचुँआ खाद उत्पादन इकाई
कृषि विज्ञान केन्द्र
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय
केचुँआ खाद



## ***शहीदी दिवस पर तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन***

**-23 मार्च 2022**

शहीदी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के एन.सी.सी. एवं रासेयो द्वारा सयुक्त रूप श्रद्धाजली सभा का आयोजन किया गया। इस सभा मे प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल, रासेयो के महिला इकाई की संयोजक प्रो. संगीता बासरानी एवं श्रीमती प्रियंका अग्रवाल सहित महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी, पदाधिकारी एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. जे. के. संत ने महापुरूषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शहीद भगतसिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुये सभी को इस महापुरुषों के प्रेरणा लेने का आह्वान किया , तत्पश्चात महाविद्यालय की रासेयो तथा एनसीसी इकाईयों के छात्र/छात्राओं ने महाविद्यालय से एक रैली निकाली।



## ***शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के छात्र/छात्राओं द्वारा ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थलों का भ्रमण***

**_ 23 मार्च 2022**

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के छात्र/छात्राओं को ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थलों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल के संरक्षण,मार्गदर्शन और नेतृत्व में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो पूनम धांडे, प्रो. प्रीति वैश्य,विनोद कुमार कोल, राघवेन्द्र सिंह और डॉ. तरन्नुम सरवत के साथ छात्र/छात्राओं का दल शहडोल शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुआ। शहडोल में सर्वप्रथम संग्रहालय का भ्रमण किया गया,जहाँ संग्रहालय की स्थापना और यहां रखी हुई पुरातात्विक मूर्तियों एवं अन्य कला संग्रह के संबंध में विस्तृत जानकारी श्री आर. एस. परमार के द्वारा दी गयी । उन्होंने इस क्षेत्र में शासन करने वाले विभिन्न राज वंशो नागवंश, कलचुरी और बघेल वंश के इतिहास के बारें मे बताया। उन्होंने बताया कि यहाँ पर सबसे ज्यादा मूर्तियों एवं मंदिरों के अवशेष कलचुरी वंश के शासकों द्वारा निर्मित किए गए तथा प्राप्त हुए हैं।

संग्रहालय के भ्रमण के पश्चात शहडोल के ऐतिहासिक धरोहर विराटेश्वर मंदिर का अवलोकन भ्रमण दल के द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना तथा गुणवत्ता अध्ययन केंद्र द्वारा महाविद्यालय के अकादमिक गुणवत्ता में वृध्दि हेतु किया गया। विघार्थियों ने सूचित किया कि ऐसे भ्रमण से हम स्थानीय इतिहास से जुड़ा हुआ महसूस कर रहे हैं। स्थानीय इतिहास की जानकारी प्रतियोगिता परीक्षाओं में भी सहायता प्रदान करतीं हैं। ऐसे ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण महाविद्यालय स्तर पर होते रहना चाहिए।





**तीर्थंकर महावीर संग्रहालय एवं विराटेश्वर मंदिर शहडोल**

# ***ओरिएंट पेपर मिल्स अमलाई में छात्र/छात्राओं ने किया कागज निर्माण की सम्पूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन***

**-23 मार्च 2022**

शासकीय अग्रणी तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के रसायन विभाग द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्र/ छात्राओं एवं सहायक प्राध्यापकों का एक दल प्रो. विनोद कुमार कोल और श्रीमती प्रियंका अग्रवाल के नेतृत्व में औद्योगिक भ्रमण हेतु ओरिएंट पेपर मिल्स अमलाई जिला-शहडोल (म. प्र.) भेजा गया। इस भ्रमण दल में रसायन विभाग से श्री दुर्गेश द्विवेदी, श्री अनुपम गुप्ता, श्री नंद लाल गुप्ता, श्री मनीष पाण्डेय और शासकीय कन्या महाविद्यालय के भूगोल विभाग से डॉ. राजेश्वरी तिवारी भी शामिल रही। इस भ्रमण दल को महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. डॉ. जे. के. संत के द्वारा सुबह 9 :00 बजे महाविद्यालय से बस के द्वारा ओरिएंट पेपर मिल्स अमलाई के लिए रवाना किया गया। महाविद्यालय के कुल 45 छात्र /छात्राओं और सहायक प्राध्यापक सहित कुल 52 सदस्यों को लेकर यह दल सुबह 10:30 बजे औद्योगिक संस्थान ओरिएन्ट पेपर मिल्स अमलाई पहुँचा। ओरिएन्ट पेपर मिल्स अमलाई के, एच. आर.विभाग के प्रमुख श्री जयंत श्रीवास्तव द्वारा सभी का परिचय प्राप्त किया गया और छात्र /छात्राओं को प्लांट का भ्रमण कराने के पूर्व कागज निर्माण की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक समझाया गया। प्लांट के ए.एच. आर. श्री वीरेन्द्र कुमार ने महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को सर्वप्रथम प्लांट के कैमिकल प्रयोगशाला का भ्रमण कराया। यंहा छात्रों ने जाना कि कागज उद्योग में किन-किन रसायनो का प्रयोग किया जाता है। इनके बाद सभी ने प्लांट के अन्य सेक्शन का भ्रमण कर कागज बनाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया।

भ्रमण के पश्चात एच. आर. विभाग के प्रमुख श्री जयंत श्रीवास्तव महाविद्यालय के छात्रा/छात्राओं से पुनः मिले और प्लांट के सम्बन्ध में उनसे फीडबैक प्राप्त किया। श्री जयंत श्रीवास्तव ने महाविद्यालय के सभी छात्र/छात्रओं के उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत मे महाविद्यालय की ओर से प्रो. विनोद कुमार कोल के द्वारा श्रीवास्तव एवं उनके विभाग के प्रति आभार प्रकट किया गया।






**ओरिएंट पेपर मिल्स ,अमलाई**

## ***रोजगार, स्वरोजगार तथा कौशलसंवर्धन एवं उद्यमिता विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न***

**-24 मार्च 2022**

म. प्र. उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन द्वारा समर्थित रोजगार, स्वरोजगार तथा कौशलसंवर्धन एवं उद्यमिता विकास हेतु, महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल के द्वारा **24 मार्च 2022** को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया । इस कार्यक्रम में अतिथि वक्ताओं का स्वागत डॉ. तरन्नुम सरवत और प्रियंका अग्रवाल ने बैच लगाकर किया। कार्यशाला के प्रथम सत्र का संचालन प्रो. सत्येन्द्र सिंह चौहान ने किया। प्रथम सत्र में जैविक खेती/जैविक खाद और जैविक कीटनाशक के संबंध में छात्र/छात्राओं को विस्तृत जानकारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी श्री वी. के. वर्मा के द्वारा दी गयी । साथ ही शासन की विभिन्न विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी श्री भँवर सिंह परस्ते के द्वारा दी गयी ।तत्पश्चात लर्नेट कंप्यूटर अनूपपुर से श्रीमती हिमानी तिवारी ने छात्राओ को प्लेसमेंट के संबंध में जानकारी दी और उनका रजिस्ट्रेशन किया। इसके बाद महाविद्यालय के छात्र चंदन कुमार यादव के द्वारा वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की प्रक्रिया को बताया।

द्वितीय सत्र में मंच का संचालन प्रो. प्रीति वैश्य के द्वारा गया। इस  सत्र की मुख्य वक्ता , पशु पालन एवं डेयरी उद्योग की प्रमुख अधिकारी डॉ.रश्मि चंद्राकर ने पशुपालन के क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाओ को बताया । उन्होंने बताया कि पशु पालन को बढ़ावा देने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं और ग्रामीणों को इसका लाभ भी मिल रहा है। कार्यक्रम  में अंतिम वक्तता के रूप में मेडियारास के किसान श्री नर्मदा प्रसाद पटेल और राम निरंजन पटेल द्वारा लाख खेती के बारे में बताया गया ।साथ ही लाख के बनने के  विभिन्न चरणों को सैंपल के माध्यम  से  बताया औऱ लाख से बनी सामग्री का प्रदर्शन  किया। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो . विनोद कुमार कोल रहे और प्रो. पूनम धांडे, प्रो. संगीता बासरानी,  डॉ „अमित भूषण ,प्प्रो. देवेंद्र सिंह बागरी  प्रो. कमलेश चवले प्रो. राघेन्द्र सिंह , प्रो. के. सी. सोनी, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. इन्द्र नारायण काछी  का सराहनीय योगदान रहा। अंत मे आभार प्रकट प्रो. प्रीति वैश्य द्वारा किया गया।






# ***विविध -***

## ***एन.सी.सी. स्थापना दिवस***

जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय में एन. सी.सी स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनीतिविज्ञान के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे.के सन्त रहे। इस अवसर पर डॉ. सन्त ने सभी कैडेट्स को एन.सी.सी. के आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित जैतहरी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर.एस वाटे ने सभी उपस्थितजनों को एन.सी.सी दिवस की शुभकामनाएं दी और कैडेट्स को आने वाली चुनौतियों के प्रति सतर्क और सजग रहने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि युवाओं को निरंतर बेहतर प्रयास करते रहना चाहिए तथा बेहतर नागरिक बनना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन प्रो.(लेफ्टिनेंट) अजयराज सिंह राठौर, एन सी सी अधिकारी के संयोजन में किया गया जिसमें महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक शाहबाज़ खान, ज्ञान प्रकाश पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में एन.सी. सी कैडेट्स उपस्थित रहे।



## ***ऑनलाइन शिक्षा ;समालोचनात्मक टिप्पणी***

ऑनलाइन शिक्षा मूल रूप से अन्यायपूर्ण है। समावेशन शिक्षा का सबसे महत्त्वपूर्ण आयाम है. यह व्यवस्था सम्पन्नशाली वर्ग के पक्ष में झुकी हुई है। एक आर्थिक रूप से असमान समाज में यह झुकाव साधन तथा तकनीक के विभाजन को और चौड़ा करता है। ऑनलाइन शिक्षा यह अवधारणा बना कर चलती है कि सभी के पास कम से कम तीव्र इंटरनेट की स्पीड तथा डेस्कटॉप/लैपटॉप/ टेबलेट/स्मार्टफोन की उपलब्धता है। वस्तुस्थिति यह है कि दूरदराज के गांवों की तो बात ही दूर कभी कभी कस्बों व शहरों में भी अपेक्षित इंटरनेट स्पीड उपलब्ध नहीं होती।

ऑनलाइन शिक्षा शिक्षकों तथा शिक्षार्थियों के शरीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डाल रही है। मोबाइल स्क्रीन पर घंटों नजर गड़ाए रहने से बच्चों की आंखों में जलन व तनाव साफ देखा जा सकता है। इसके साथ ही बच्चों के खेल के समय मे कटौती होने व शारीरिक गतिविधि के बंद होने से मोटापा तथा चिड़चिड़ापन जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

ऑनलाइन शिक्षा के द्वारा सामाजिक मेलजोल तथा सहकारिता की भावना विकसित नहीं हो पाती। ऑनलाइन शिक्षा 'वर्क फ्रॉम होम' की अवधारणा पर आधारित है। यह इस पूर्वमान्यता पर टिकी है कि भारतीय घरों में कम से कम एक कमरा कार्यालय बनाये जाने के लिए योग्य व खाली है। ज्यादातर भारतीय परिवार संयुक्त परिवार हैं तथा घर पर कार्यालय बना पाना सभी के लिए संभव नही है। महिलाओं को घर व कार्यालय की दुहरी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना पड़ता है।

ऑनलाइन शिक्षा ज्यादातर विदेशी प्लेटफॉर्म के माध्यम से दी जा रही है। इनके डेटा सुरक्षा तथा क्लाउड स्टोरेज की व्यवस्था के बारे में नियमो में अस्पष्टता है।

डॉ. अमित भूषण